
हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, मंगलवार, 11 मार्च 2025

11 घरेलू व कृषि उपकरणों की आकृति वाली पिचकारियों...



12 नोएडा व द्वारका में जीते बीआरजी के धावक




## खबर संक्षेप

### बिजली उपभोक्ता कष्ट निवारण की बैठक आज

**झज्जर।** मंगलवार को बिजली संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता पर्वतन परिमंडल कार्यालय में फोरम के चेयरमैन की अध्यक्षता में होगी। प्रवक्ता ने बताया कि बैठक में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों को सुना जाएगा। इस दौरान बिजली बिल, कनेक्शन और अन्य तकनीकी समस्याओं से जुड़े परिवादों की समीक्षा की जाएगी।

### रोहद गांव में 41वां वार्षिकोत्सव आज

**बहादुरगढ़।** गांव रोहद में स्थित प्राचीन सिद्ध मंदिर में मंगलवार को फाल्गुनी लखी मेले का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर कमेटी व ग्राम वासियों की ओर से यह 41वां श्रीश्याम वार्षिकोत्सव उत्साह के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। निशान यात्रा, भव्य दरबार, झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

### सेना भर्ती कार्यालय का आउटरीच कार्यक्रम आज

**झज्जर।** भारतीय सेना में भर्ती की प्रक्रिया को लेकर युवाओं को जागरूक करने के लिए सेना भर्ती कार्यालय रोहतक द्वारा विशेष आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत मंगलवार को जिले की आईटीआई गुढ़ा, आईटीआई मातनहेल और आईटीआई साल्हावास में विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में एआरओ भूपेंद्र सिंह ने बताया कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को अग्निवीर योजना की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। उन्हें भारतीय सेना में भर्ती की प्रक्रिया, आवश्यक योग्यता और चयन के विभिन्न चरणों के बारे में अवगत कराया जाएगा, ताकि वे भर्ती के लिए बेहतर तैयारी कर सकें।

### फैक्ट्री में चोरी की वारदात, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** एमआईई पार्ट ए में स्थित एक फैक्ट्री में चोरी की वारदात हो गई। अज्ञात चोर फैक्ट्री में से मशीनों व अन्य सामान पर हाथ साफ कर गए। भिवानी के निवासी सचिन का कहना है कि एमआईई में उसकी फैक्ट्री है। हाल ही में उनकी फैक्ट्री में चोरी हो गई। आठ सिलाई मशीन, एक बैट्री, एक इन्वर्टर व दो मोबाइल चोरी हुए हैं। अपने स्तर पर जांच की लेकिन चोरों का कुछ पता नहीं चला। उधर, सूचना पाकर एमआईई चौकी से पुलिस फैक्ट्री में पहुंची और जांच शुरू की। सचिन की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### छीनाझपटी का आरोपी जेल भेजा

**बहादुरगढ़।** पटेल नगर के निवासी अमर सिंह ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसकी बेटी 19 जनवरी को बाजार में गई थी। उसके पास मोबाइल था। वहां बाजार में एक बाइक सवार युवक उससे मोबाइल छीन ले गया। मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा गया है। आरोपी की पहचान हर्ष के रूप में हुई है। उत्तर प्रदेश के हरदोई क्षेत्र का रहने वाला है। उससे छीना गया मोबाइल तथा वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद कर ली गई।

## ग्रामीणों की शिकायत के बावजूद संज्ञान नहीं ले रहे पंचायती राज विभाग के अधिकारी

# खरहर में मानक अनुसार नहीं हो रहा सड़क निर्माण

**ताजा मामला गांव खरहर का है। यहां बन रहे सीमेंट कंक्रीट के रोड में मानक के अनुसार सामग्री नहीं लग रही है। ग्रामीणों ने इस घटिया निर्माण कार्य पर नाराजगी जाहिर की है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शासन और प्रशासन द्वारा विकास कार्यों को लेकर बेशक जितने मर्जी दावे किए जा रहे हों, लेकिन असलियत में ये अधिकांश दावे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहे हैं। ताजा मामला गांव खरहर का है। यहां बन रहे सीमेंट कंक्रीट के रोड में मानक के अनुसार सामग्री नहीं लग रही है। ग्रामीणों ने इस घटिया निर्माण कार्य पर नाराजगी जाहिर की है।



**बहादुरगढ़।** गांव खरहर में बन रही सीमेंट कंक्रीट की सड़क का बेस। फोटो : हरिभूमि

अधिकारियों को शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होने से कई तरह के सवाल उठ रहे हैं।

बता दें कि नायब सरकार में मंत्री एवं तत्कालीन सांसद डॉ. अरविंद शर्मा द्वारा 5 मार्च 2024 को किए अनुमोदन पर पंचायती राज विभाग ने कंस्ट्रक्शन ऑफ आरसीसी रास्ता फ्रॉम पीडब्ल्यूडी रोड टू फार्म ऑफ कुमार का 64.31 लाख रुपए का एस्टीमेट बनाया था। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के उपरांत पात्र एजेंसी को यह काम 10 अक्टूबर 2024 को अलॉट कर दिया गया। अब एजेंसी द्वारा मातन रोड पर शमशाट घाट से लेकर फूल कुमार के खेत तक कच्चे रास्ते को सीमेंट कंक्रीट से बनाया जा रहा है।

ग्रामीण सरवर ने बताया कि निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी में ड्रेसिंग ठीक से नहीं की गई है। मिट्टी में कैम्बर नहीं दिया हुआ है। इस कारण सड़क पर पानी भरेगा और यह जल्दी टूट जाएगी। इसके अलावा टो वॉल अर्थात साइड में चिनाई भी नहीं की गई। ऐसे में साइड से सड़क टूटने का भय बना हुआ है। डब्ल्यूबीएम की दो परत डलनी है, पहली साढ़े 4 इंच व दूसरी 3 इंच। लेकिन इसकी जगह ठेकेदार द्वारा 2-3इंच ही खुला रोड़ा डाला हुआ है। इतना ही कुल लंबाई सक एक एकड़ कम एरिया में निर्माण कार्य किया जा रहा है। यह रास्ता कुल 22 फुट चौड़ा है। निर्माण के दौरान डिजाइन मिक्स-20 की लेयर दो भागों में डाली जानी चाहिए। डिजाइन मिक्स की लेयर के ऊपर एजेंसी द्वारा ना ही तो वाइब्रेटर ना ही कॉम्पैक्टर चलाया जा रहा है। मेटीरियल भी मानक अनुसार नहीं है।

### ठेकेदार के कारिंदों ने ग्रामीणों से किया दुर्व्यवहार

ग्रामीणों के अनुसार इस मामले में पंचायती राज विभाग के अधिकारियों को अनेक बार शिकायत देने के उपरांत भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। विरोध करने पर ठेकेदार के कारिंदों द्वारा ग्रामीणों से दुर्व्यवहार किया गया। इसे लेकर आसौदा थाना में शिकायत भी दी गई। वहीं ग्रामीण इस मामले में मंगलवार को उपायुक्त से मिलकर भी शिकायत करेंगे। पंचायती राज विभाग के अधिकारी इस मामले में बात करने से भी बच रहे हैं।

## गुभाना में सड़क हादसे में राहगीर की मौत

**बहादुरगढ़।** गांव गुभाना में बाकरगढ़ रोड पर सड़क हादसे में एक प्रवासी व्यक्ति की मौत हो गई। एक गाड़ी चालक टक्कर मारने के बाद फरार हो गया। पुलिस ने परिजनों के बयान पर गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मृतक की पहचान हरिलाल के रूप में हुई है। हरिलाल मूलतः उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ से था। यहां गुभाना में रहता था और एक फैक्ट्री में काम करता था। शाम को वह किरयाणे का सामान लेने बाकरगढ़ रोड पर जा रहा था। इसी दौरान एक गाड़ी की चपेट में आ गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। परिजनों के बयान के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। हरिलाल के छोटे भाई रवि कुमार की शिकायत पर इस संबंध में गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। गाड़ी का नंबर पुलिस को मिल गया है। इस आधार पर आरोपी तक पहुंचने का प्रया करेगी।

## महिलाएं उतरी सड़कों पर, लगाया जाम

- छह दिनों से पेयजल आपूर्ति नहीं होने से बढ़ी परेशान, आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

पिछले करीब छह दिनों से पेयजल आपूर्ति नहीं होने से परेशान वार्ड नंबर एक बेरी गेट क्षेत्र की महिलाओं का सब्र का बांध टूट गया और महिलाओं ने सड़क पर उतरते हुए अपना रोष व्यक्त किया। सुबह करीब दस बजे काफी संख्या में महिलाओं ने बेरी गेट चौक पर जाम लगा दिया। जिसके कारण यातायात अवरुद्ध हो गया और वाहन चालकों को काफी परेशानी हुई।

बाद में जाम की सूचना मिलने पर शहर थाना प्रभारी बलदेव और सदर थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस फैजल खान मौके पर पहुंचे और महिलाओं को जल्द समस्या के समाधान करवाने का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। महिलाओं ने कहा कि अगर समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो दोबारा सड़क को जाम कर दिया जाएगा।

इस संबंध में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि महाबीर गुर्जर ने बताया कि वार्ड में पिछले छह दिनों से पानी की समस्या है। वे इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को मौखिक तौर पर अवगत करा चुके हैं। जब इस संबंधित विभाग के जेई से फोन किया गया तो उन्होंने बताया कि ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा गलती से पुरानी लाइन का कनेक्शन काट कर नई बिछाई गई लाइन में जोड़ दिया गया है। जबकि नई लाइन का कनेक्शन अभी आगे तक नहीं हुआ है इसलिए परेशानी आ रही है।



**झज्जर।** जाम के दौरान महिलाओं से बातचीत करते हुए पुलिस अधिकारी।

## डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बहादुरगढ़।** नयागांव बाईपास चौक के निकट सोमवार की सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। यहां बाइक सवार दो व्यक्ति ट्रक की चपेट में आ गए। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरे को पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। मृतक की पहचान भुवनेश के रूप में हुई है। भुवनेश दिल्ली के नजफगढ़ में रहता था। बहादुरगढ़ की सेक्टर 16 स्थित एक कंपनी में काम करता था। सोमवार की सुबह वह बाइक पर सवार होकर ड्यूटी के लिए निकला। बाइक उसका साथी रामकुमार निवासी नंगली डेयरी चला रहा था। जब ये बहादुरगढ़ में पकोड़ा चौक पर पहुंचे तो एक डंपर की चपेट में आ गए। इन्हें गंभीर चोट आई। राहगीरों ने संभाला और अस्पताल लेकर आए। जहां डॉक्टरों ने भुवनेश को मृत घोषित कर दिया। वहीं रामकुमार को पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। पुलिस ने परिजनों के बयान के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है। आरोपी वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।



**बहादुरगढ़।** बराही रोड पर अवैध निर्माण ढहाती डीटीपी की जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

## डीटीपी ने बराही रोड पर की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

डीटीपी की टीम ने सोमवार को बराही रोड पर अवैध रूप से विकसित हो रही 2 कॉलोनियों में तोड़फोड़ की। इस दौरान जेसीबी की सहायता से करीब 12 एकड़ जमीन पर एक ढांचा, 2 चारदीवारी, 28 डीपीसी व मिट्टी के रास्ते को ढहाया गया। जिला नगर योजनाकार मनीष दहिया ने बताया कि उन्हें कई दिनों से बहादुरगढ़ के बराही रोड पर अवैध निर्माण की सूचना मिल रही थी। सूचना के आधार पर तोड़फोड़ कार्रवाई के लिए टीम गठित की गई। सोमवार को टीम ने अवैध कॉलोनियों में तोड़फोड़ की। दौरान 28 डीपीसी, एक ढांचा, दो चारदीवारी और रोड नेटवर्क को तोड़ दिया गया। उनके साथ जेई सुमित भी मौजूद रहे। डीटीपी मनीष दहिया ने बताया कि यह कार्रवाई शहरी क्षेत्र एवं नियंत्रित क्षेत्र अधिनियम के तहत की गई है। जिले में किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण को नहीं पनपने दिया जाएगा। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## पहले गाड़ी पर गोली मारी फिर बंधक बनाकर की लूटपाट

- केएमपी पर बादली के निकट हुई वारदात
- पीड़ितों का आरोप, उन्हें अपहरण कर राजस्थान ले जाकर पीटा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

केएमपी एक्सप्रेस-वे पर बादली एग्जिट प्वाइंट के निकट बड़ी वारदात हो गई। यहां कुछ लोगों ने पहले तो जान से मारने की नीयत से कार सवार दो युवकों पर गोली चलाई। इसके बाद अपहरण कर उन्हें राजस्थान ले गए। वहां बंधक बनाकर मारपीट की गई। इतना ही नहीं, रुपये व मोबाइल भी छीन ले गए। पीड़ितों की शिकायत पर बादली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपों की सत्यता जांच का विषय है। वारदात राजस्थान के निवासी कोशिंद्र तथा उसके दोस्त रजत के साथ हुई है। पुलिस को दी शिकायत में नीमका थाना के कोशिंद्र का कहना है कि आठ मार्च को वह अपने दोस्त रजत के साथ केएमपी के रास्ते जयपुर से सोनीपत जा रहा था। करीब चार बजे हम केएमपी पर बादली एक्जिट प्वाइंट के पास पहुंचे तो पीछे से एक कार ओवरटेक कर हमारे आगे आई। उस गाड़ी में पांच, छह युवक थे। हमारी उनके साथ कहासुनी हुई। इसके बाद मैं अपनी गाड़ी में आकर बैठ गया और हम जाने लगे।

### मोबाइल व 40 हजार रुपये छीन लिए

*उन्होंने पीछे से हमारी गाड़ी पर गोली चलाई। फिर भागकर आए और ड्राइवर साइड का शीशा तोड़कर गाड़ी से चाबी निकाल ली। हम दोनों के साथ मारपीट की। हमें अपनी गाड़ी में बैठा लिया और उनमें से दो युवक मेरी गाड़ी में बैठ गए। वे हमें राजस्थान के भिवाड़ी स्थित एक सुनसान जगह ले गए। वहां बंधक बनाकर मारपीट की। हमसे मोबाइल व 40 हजार रुपये छीन लिए। हमारी गाड़ी छोड़कर वहां से भाग गए। उधर, बादली पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों की गाड़ी का नंबर पुलिस को मिल गया है। मामले की तह तक जाने के लिए पुलिस की कई टीमें भागदौड़ कर रही हैं।*

## युवक ने निगला जहरीला पदार्थ, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

गांव खुड्डन में एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ निगल लिया। तबीयत बिगड़ने के बाद जब उसे अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान करीब 22 वर्षीय सूरज के तौर पर हुई है। माछरौली गांव के पास जब राहगीरों ने उसे बेसुध पड़े देखा तो उसे उपचार के लिए शहर के एक निजी अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतक के परिजनों का आरोप है कि सूरज के मोबाइल पर किसी व्यक्ति द्वारा उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। पुलिस द्वारा इस संबंध में मामले की छानबीन की जा रही है। मामले के जांच अधिकारी मिथुन ने बताया कि परिजनों द्वारा अकेहड़ी गांव के उसके दोस्त के खिलाफ प्रताड़ित किए जाने की शिकायत दी गई है। देर शाम का मामला होने के चलते मृतक का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया।



**झज्जर।** नागरिक अस्पताल में मौजूद परिजन एवं पुलिसकर्मी।



**बहादुरगढ़।** रेलवे रोड पर अतिक्रमण हटवाते एसीपी दिनेश कुमार। फोटो : हरिभूमि

## शहर की सड़कों से हटवाया अतिक्रमण

- दोबारा सड़क पर सामान रखने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर के बाजारों में यातायात जाम एक बड़ी समस्या बनी हुई है। इसके समाधान के लिए यातायात पुलिस द्वारा नगर परिषद के सहयोग के लिए सोमवार को भी अवैध अतिक्रमण हटवाया गया। इसके साथ ही दोबारा सड़क पर सामान रखने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

अतिक्रमण से कराह रहे बहादुरगढ़ के बाजारों में सोमवार को भी प्रशासन का डंडा चला। एसीपी दिनेश कुमार और एसएचओ विकास कुमार आज भी अतिक्रमण हटवाने सड़कों पर निकले। पुलिस और नप की संयुक्त टीम ने सबसे पहले शहर के झज्जर मोड़ से लेकर राव तुलाराम पार्क तक अतिक्रमण हटवाया।

इसके उपरांत रेलवे रोड व नाहरा नाहरी रोड पर कार्रवाई की गई। शिव चौक से पुराना नजफगढ़ रोड, कमेटी चौक और मेन बाजार में अतिक्रमण हटवाया गया। इसके अलावा दिल्ली रोहतक रोड भी अवैध तरीके से दुकान के बाहर सामान रखने वाले दुकानदारों को समझाते हुए अवैध कब्जा हटवाया।

## परीक्षा केंद्रों पर सख्त निगरानी, जिला प्रशासन गंभीर

# फ्लाइंग टीमें निरंतर कर रही औचक निरीक्षण

- एसडीएम को भी विशेष तौर पर परीक्षा केंद्रों पर निगरानी रखने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं को नकल रहित संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है। परीक्षा केंद्रों पर सख्त निगरानी रखते हुए एसडीएम और शिक्षा अधिकारियों द्वारा लगातार औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं ताकि परीक्षा प्रक्रिया को पूर्णतः नकल मुक्त और अनुशासित माहौल में संपन्न कराया जा सके। डीसी प्रदीप दहिया ने कहा कि सोमवार को 12वीं कक्षा की हिस्ट्री एवं बायोलॉजी विषय की परीक्षा के दौरान प्रशासनिक एवं शिक्षा अधिकारियों ने जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक किया और परीक्षा कक्षों का बारीकी से निरीक्षण किया। परीक्षा केंद्रों में परीक्षा नियमों की सख्ती से अनुपालना सुनिश्चित करवाई जा रही है, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता की कोई गुंजाइश न रहे। उन्होंने कहा कि एसडीएम को भी विशेष तौर पर परीक्षा केंद्रों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।





**झज्जर।** परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करते जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना तथा बेरी में परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करती एसडीएम रेणुका नांदल। फोटो : हरिभूमि

### एसडीएम ने किया परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण

**बेरी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की दसवीं व बारहवीं कक्षाओं की परीक्षाओं के नकल रहित संचालन के लिए पूरा फोकस है। एसडीएम रेणुका नांदल ने सोमवार गांव जहाजगढ़ स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल ही बोर्ड परीक्षा के चलते निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि उपमंडल के विभिन्न स्कूलों में हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा आयोजित परीक्षाओं में नकल पर पूर्ण रोक लगाई गई है। अगर कोई नकल में शामिल मिलता है तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



हरिभूमि
# सहेली
रंगोत्सव विशेष

होली सिर्फ रंगों का पर्व नहीं है, यह जीवन में उत्साह-उमंग और नई खुशियां भरने वाला, रिश्तों में स्नेह-प्रेम के रंग सजाने वाला पर्व भी है। स्त्रियों के लिए तो यह पर्व और भी ज्यादा महत्व रखता है, क्योंकि वे परिवार-समाज में मधुरता बनाए रखने में विश्वास करती हैं, इस लिहाज से उनके लिए होली का पर्व बहुत अच्छा अवसर है।

# होली लेकर आई खुशियों के रंग

आवरण कथा

**सरस्वती रमेश**

होली के रंगों में जीवन का उल्लास होता है, तरंग होती है। इसीलिए फाग के गीत भी होंठों पर अनायास आ जाते हैं। कानों में ढोल-मंजीरे की झंकार गूंजने लगती है, लोग थिरक उठते हैं। आंखों के आगे अबीर, गुलाल उड़ने लगता है। होली में तन-मन रंगों से भीगकर सतरंगा हो जाता है। हम सौभाग्यशाली हैं, जो हमारे पास रंगों का एक ऐसा अनोखा और प्यारा पर्व है। लेकिन बात वास्तव में तब बनेगी, जब ऐसे रंगमय, स्नेहमय, प्रेममय और संगीतमय त्योहार की रंगत को हम जीवन में उतारें। अपने घर-परिवार, रिश्ते-नाते सबको प्रेम के रंग में रंगकर दूसरों के साथ किसी प्रकार की कड़वाहटों और मनमुटाव को दूर करें। सबके प्रति सकारात्मक भाव रखें।

## स्त्री जीवन है विविध रंगों की रंगोली



देखा जाए तो स्त्रियों का जीवन विविध रंगों से बनी एक खूबसूरत रंगोली है। क्योंकि इनकी दुनिया रंगों के खूबसूरत मेल से ही बनती है। मायका, ससुराल, परिवार, मातृत्व, रिश्ते-नाते, आस-पड़ोस और सामाजिक जिम्मेदारियां, ये सब स्त्री-जीवन के इंद्रधनुष में सजे रंग ही तो हैं, जिसे वे जीती हैं। हर रंग की अपनी अहमियत है, भूमिका है, चमक है। कोई एक रंग भी फीका पड़ जाए तो स्त्रियों के जीवन के साथ ही, परिवार के हर सदस्य पर इसका प्रभाव पड़ता है। हर किसी के जीवन में कठिनाइयां और पीड़ाएं आती हैं। इसलिए स्त्री अपने जीवन के इंद्रधनुषीय रंगों को सहेजकर रखती है। हर हाल में उसकी चमक बनाए रखने की कोशिश करती है। फिर चाहे आर्थिक जिम्मेदारियों से जुड़ा स्वावलंबन का रंग हो या फिर घर के बड़े-बुजुर्गों की सेवा का रंग, स्त्री कभी पीछे नहीं हटती है। रंगों से मिलने वाली ऊष्मा को स्त्री स्वयं तो धारण करती ही है, अपने परिवार के सदस्यों को आपस में जुड़ने का मार्ग भी प्रशस्त करती चलती है।

## साथ का महत्व बताती है होली

होली का त्योहार हमारे जीवन में व्याप्त सारी कड़वाहटों को दूर करने के लिए आता है। यह पर्व हमें परिवार के साथ का असली महत्व बताता है। जब परिवार की सारी स्त्रियां, पुरुष और बच्चे मिलकर गुझिया, मिठाइयां, पापड़, नमकीन बनाते हैं। घर की स्त्रियां साथ मिलकर होली पूजन के लिए जाती हैं, एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए रंग-गुलाल लगाती हैं, तभी होली अपने असली मधुर रूप में दिखती है। इस तरह सबके साथ स्नेह-प्रेम के रंग में भीगने के बाद स्त्री-पुरुष हर कोई मन की सारी कड़वाहट भूल जाता है। परिवार, आस-पड़ोस में हुए मनमुटाव, तनातनी सब रंगों में धुल जाते हैं। जीवन की परेशानियों से मुकाबला करने के लिए हम नई ऊर्जा से सराबोर हो उठते हैं। हंसता-गाता मन, जीवन जीने के लिए हमारे भीतर नई उमंगें भर देता है। इसी को तो कहते हैं जीवन में विविध रंग भरने वाली होली, अपनेपन के अहसास से भरने वाली होली।



## कम न हो खुशियों की बौछार

होली के रंग जीवन में उजास भरते हैं। हम स्त्रियों का रंगों से इस उजास को जीवन में उतारना बहुत जरूरी है। कारण, वर्तमान समय में एक स्त्री की भूमिका बहुत विस्तृत हो चुकी है। इसलिए उसे तरह-तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में एक स्त्री के लिए अपने मन को सकारात्मक विचारों के रंग से सराबोर रखना, जीवन में उल्लास की रंगीन बौछारों की नमी बनाए रखना, परिवार में उमंग-तरंग बनाए रखना बहुत जरूरी है। जीवन में हर्ष और अपनों के बीच आत्मीयता का भरपूर रंग हो तो जीवन हंसी-खुशी कट जाता है, जिंदगी आसान हो जाती है। बाधाएं हमें आगे बढ़ने से रोक नहीं पातीं। ऐसे में खुशियों को सेलिब्रेट करने के मौके बार-बार आते हैं। परिवार के हर सदस्य का जीवन, तरह-तरह के रंगों में रंगकर खूबसूरत और जीवंत हो जाता है।

## खुशियों के रंग कभी न हों फीके

उड़ता गुलाल और रंगों में रंगे खिलखिलाते चेहरों को देखकर हर किसी का मन खुशी से झूम उठता है। अपनी रोज-रोज की नीरस दिनचर्या से ऊबी हर घर की स्त्रियां होली के बहाने ही सही, थोड़ी मस्ती, थोड़ा धमाल करके हंसी की फुहारों से तरोताजा हो जाती हैं। दरअसल, होली बचपन के खिलंदड़ेपन को फिर से जीने का अहसास है। यह अहसास मन में जीने की उमंग भरता है। तभी तो होली के रंग आज भी उतने ही चटख हैं, जितने पहले हुआ करते थे। होली का संदेश भी यही है कि हमारे जीवन में खुशियों के रंग कभी फीके न हों।

आइए, हम भी होली के अवसर पर प्रेम-स्नेह की रंगी फुहारों में भीगकर उमंगित-तरंगित हों, जीवन में नए रंग भरें। सबको होली की शुभकामनाएं...

# रंगों को समझें रंगों में उतरें

होली पर्व का निहितार्थ देखा जाए तो बहुत गहरा है। यह पर्व यही कहता है कि दूसरे के रंगों में रंगने के साथ उनको अपने रंग में भी रंगो। मतलब हम एक-दूसरे को आत्मसात करें, रंगों के बहाने अपने रिश्तों में प्रेम-स्नेह घोलें, प्रगाढ़ बनाएं। होली का पर्व हमें प्रकृति से भी जोड़कर हमारे जीवन में उत्साह-उमंग भरता है, ऊर्जावान बनाता है।

पर्व निहितार्थ

**चेतना झा**



*अंबर ने ओढ़ी है तन पर चादर नीली-नीली/ हरित धरित्री के आंगन में सरसों पीली-पीली/ सिंदूरी मंजरियों से है अंबा शीश सजाए/ रोलीमय संध्या ऊषा की चोली है/ तुम अपने रंग में रंग लो तो होली है।*

हरिवंश राय बच्चन की ये कितनी सारगर्भित पंक्तियां हैं। कभी अपने रंग को पहचानना तो कभी औरों के रंग में रंग जाना, कभी अपने रंग में सराबोर कर देना, जिंदगी की सार्थकता इसी में है। होली तो बहाना है, रंगों को समझने का, रंगों में उतरने का।

**प्राकृतिक रंगों का आनंद:** कभी काम का बहाना तो कभी समस्याओं का रोना, सच तो यह है कि सूर्योदय-सूर्यास्त के समय धरती-आसमान के सुंदर रंगों से हम अंजान हो रहते हैं। प्रकृति ने कितने खूबसूरत रंगों से सजा रखी है धरती। कहीं दूर तक नीला आसमान, तो कहीं पेड़ों की हरितिमा। पक्षियों के पंखों से फूलों की पंखुड़ियों तक कितने सुंदर और विलक्षण रंग हैं। पलाश-टेसू से ट्यूलिप-यलो एलडर तक। प्रकृति के कैनवस पर फैले इन रंगों को समझने, उस पर मुग्ध होने के लिए दौड़ती-भागती जिंदगी में कुछ पल ठिठकना जरूरी है। रंगों का त्योहार होली हमें यही संदेश देता है। इस साल हम कुछ इसी संकल्प के साथ मनाएं होली कि जिंदगी से प्रकृति के रंगों को दूर नहीं होने देंगे। अपनी जिंदगी में रंग बटोरेंगे तो अपनों की जिंदगी में भी रंग बिखेरेंगे। कभी थोड़ा ठहर कर किसी अनजान की उदास जिंदगी में भी चुटकी भर रंग भरने की कोशिश करेंगे हम। यकीनन ये रंग हमारी जिंदगी में सुकून बिखेरेंगे।



**समझें रंगों का अर्थ:** रंगों का हमारे दिलोदिमाग पर कितना असर पड़ता है, यह विज्ञान साबित कर चुका है। प्रकृति का हर रंग कुछ कहता ही नहीं, बहुत कुछ करता भी है। जैसे सफेद रंग को ही लें तो यह शांति की बात कहता है। अगर परिवेश में सफेद रंग की कमी होती है तो अशांति पसरती है। उसी तरह लाल रंग जोश-उमंग का रंग है। लाल वस्त्र पहने लोग आम लोगों की अपेक्षा खुद के भीतर अधिक जोश का आभास कराते हैं। रंगों के जानकारों का कहना है कि परिवेश में लाल रंग की कमी आलस्य और जड़ता को जन्म देती है। अगर आपको क्रोध अधिक आता है तो अपने कपड़ों, दीवारों के रंग, चादर, पर्दों के रंगों में नीला रखिए। रंग विशेषज्ञों का कहना है कि नीले रंग की कमी से क्रोध अधिक आता है। उपाय भी बताते हैं कि शांत जगह पर आंखें बंद कर बैठ जाएं और अनुभव करें कि चारों ओर नीलिमा फैली है। दूर तक फैले नीले आसमान को बंद आंखों से मुग्ध होकर निहारिए। यकीनन मन को शांति-सुकून मिलेगा।

**रिश्तों को करें तरोताजा:** जीवन में होली का महत्व कई रंगों से सजा है। यह उत्सव सामाजिक-पारिवारिक संबंधों को तरोताजा करने का एक खूबसूरत बहाना है। देखिए न, होली पकवानों को बनाने और अपनों को खिलाने का त्योहार है। मिलने-मिलाने का त्योहार है। निर्मल होकर दूसरों के रंग में रंगने और खुद के रंग से दूसरों को सराबोर कर देने का खूबसूरत मौका है। तो इस होली बचपन की तरह निर्मल होकर उत्सव मनाने का प्रयास करें। खाना-खिलाना तो अपनी जगह है, अबकी बचपन की तरह जी भर के रंग खेल कर देखिए। निराशा परे छटेगी। हताशा पर उमंग का रंग चढ़ेगा। यकीनन, आपके भीतर एक नई ऊर्जा भरेगी। रंग खेलने से केवल आपका शरीर ही रंगों से सराबोर नहीं होता, भीतर भी रंग हमारे आवेगों और मन को तरंगित करते हैं।

हेयर केयर

**ललिता गोयल**

# तब रंगों से आपके बाल नहीं होंगे खराब

होली पर रंगों से खेलने में मजा तो खूब आता है। लेकिन अगर सावधानी न बरती जाए तो रंग खेलने के बाद बालों से रंग छुड़ाने में बहुत परेशानी होती है। इससे बालों को बहुत नुकसान भी होता है। आजकल मार्केट में मिलने वाले रंग और गुलाल में कई केमिकल्स मौजूद होते हैं, जिससे बाल रूखे-बेजान हो जाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि होली खेलने से पहले बालों की सही तरीके से केयर की जाए।

**प्रॉपर ऑयलिंग:** इस बात का ध्यान रखें कि होली पर रंग खेलते समय आपके बाल सूखे न रहें। दरअसल, मार्केट में मिलने वाले अधिकतर रंगों में केमिकल मिले होते हैं। ऐसे रंग अगर सूखे बालों में पड़ जाएं तो इससे वो कमजोर होने लगते हैं। इसलिए अपने बालों को नुकसान होने से बचाने के लिए सरसों, बादाम, जैतून या नारियल का तेल जरूर लगाएं। होली खेलने से एक घंटे पहले बालों में तेल लगाएं। इससे स्कैल्प के ऊपर एक प्रोटेक्टिव लेयर बन जाती है, बालों को पोषण मिलता है और स्कैल्प में कलर्स एब्जॉर्ब भी नहीं होते हैं। इससे रंग खेलने के बाद शैंपू करने पर आसानी से रंग निकल जाता है। बालों को खराब होने से बचाने के लिए तेल घर पर भी बनाया जा सकता है। यह तेल गुड़हल के फूल, नारियल तेल और लौंग को मिलाकर पकाकर बनाया जाता है। इस तेल से मसाज करने से बालों की कंडीशनिंग होती है, जड़ें मजबूत होती हैं।



**बांधकर रखें:** होली खेलते समय बालों को खुला ना छोड़ें। खुले बालों में रंग ज्यादा एब्जॉर्ब होता है, जिससे सिर की त्वचा पर एलर्जी हो सकती है।

**ढंककर रखें:** होली खेलने से पहले बालों को बांधने के साथ कैप लगा लें। स्कार्फ या दुपट्टे से भी बालों को ढंक सकती हैं। ऐसा करने से स्कैल्प डैमेज नहीं होगा और स्किन तक कलर नहीं पहुंचेगा। इससे बालों को एक्स्ट्रा प्रोटेक्शन भी मिलेगी।

होली पर रंग खेलने से पहले ही नहीं रंग खेलने के बाद भी बालों की देखभाल की जरूरत होती है।

**शैंपू-कंडीशनर लगाएं:** रंग, बालों को रूखा और बेजान करते हैं। इसके साथ ही केमिकल वाले रंग से सर की स्किन पर एलर्जी या ड्राइनेस हो सकती है। इससे बचने के पहले बालों को साफ पानी से अच्छी तरह धोएं और उसके बाद केमिकल फ्री शैंपू का इस्तेमाल करें। इससे ऊपरी परत से रंग हट जाएगा। इसके बाद शैंपू करें और फिर कंडीशनर लगाएं। इससे बालों में लगा रंग हट जाएगा। अगर सूखे रंगों से होली खेली है तो खेलने के बाद बालों को ब्रश कर लें।

**(हेयर एक्सपर्ट डॉ. महिमा से बातचीत पर आधारित)**

डाइट सजेशन

**डॉ. अदिति शर्मा**
न्यूट्रिशनिस्ट-कोलंबिया एशिया हॉस्पिटल, एनसीआर

होली के अवसर पर तरह-तरह के व्यंजन खाए-खिलाए जाते हैं। लेकिन डाइट को लेकर कॉन्शस रहना जरूरी है। जरा सी लापरवाही से आप बीमार भी हो सकती हैं। किन बातों का रखें ध्यान, जानिए।

# होली के उमंग में डाइट का रखें ध्यान

होली के मौके पर लोग खूब खाते-पीते हैं, खुशियां मनाते हैं। लेकिन इस दौरान खान-पान में होने वाली जरा-सी लापरवाही आपकी हेल्थ को बिगाड़ सकती है। ज्यादा मिर्च-मसाले और घी-तेल वाले व्यंजन खाने से एसिडिटी, फूड प्वॉइजनिंग, ब्लड शुगर और बीपी बढ़ने जैसी समस्याएं आमतौर पर देखी जाती हैं। इसलिए होली के अवसर पर यह बहुत जरूरी है कि खान-पान के मामले में आप पूरी सजगता बरतें और संतुलित आहार लें।

**तला-भुना और मीठा खाने से बचें:** होली के अवसर पर लोग गुझिया, पकौड़े, कचौरी, मिठाइयां और मैदे से बने व्यंजन खूब खाते हैं। इससे अपच, गैस, एसिडिटी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसकी वजह से कई बार कोलेस्ट्रॉल भी बढ़ जाता है। अधिक मीठे के सेवन से शुगर लेवल भी बढ़ सकता है। इन समस्याओं से बचने के लिए ऐसी गरिष्ठ चीजों का सेवन संतुलित मात्रा में करें।

**देर तक खाली पेट न रहें:** त्योहार के दौरान काम की व्यस्तता की वजह से कई महिलाएं लंबे समय तक खाली पेट रहती हैं। इससे उन्हें गैस, एसिडिटी जैसी समस्याएं परेशान कर सकती हैं। ऐसी समस्याओं से बचने के लिए कुछ घंटे के अंतराल पर नट्स, ड्राई फ्रूट्स और भुने चने जैसे हेल्दी स्नैक्स खा सकती हैं। भुने मखाने का सेवन भी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसलिए त्योहार के दौरान काम-काज के बीच जब भी हल्की भूख लगे, तो समय निकाल कर भुने मखाने का सेवन कर सकती हैं।



**पर्याप्त मात्रा में पीएं पानी:** होली के अवसर पर अधिकतर लोग तली-भुनी चीजें तो अधिक मात्रा में खाते हैं, पर उस अनुपात में पानी नहीं पीते हैं। इससे उनका शरीर डीहाइड्रेट हो जाता है। इस समस्या से बचने के लिए भरपूर मात्रा में पानी पीएं। पानी के अलावा आप जूस, छाछ, लस्सी, नीबू पानी जैसे तरल पदार्थ का सेवन भी कर सकती हैं। फलों का जूस भी पी सकती हैं।



**तेल-घी दोबारा न करें यूज:** त्योहार के अवसर पर कुछ भी डीप फ्राई करना हो तो उसके लिए कड़ाही में उतना ही तेल या घी डालें, जिससे तलने के बाद वो खत्म हो जाए। एक बार फ्राई के लिए यूज किए गए तेल को बार-बार गर्म करके उसका यूज करने से उसमें कार्बन मोनोऑक्साइड नामक गैस बनती है, जो सेहत के लिए नुकसानदायक होती है। इसलिए तेल या घी का दोबारा यूज न करें।

होली के दौरान खान-पान के मामले में अगर आप यहां बताई गई बातों का ध्यान रखेंगी तो आप और आपकी फैमिली को हेल्थ संबंधी कोई प्रॉब्लम नहीं होगी।

**प्रस्तुति: विनीता**

### इन बातों का रखें ध्यान

- त्योहार के दौरान बाजार में मिलावटी डिशेज भी मिलती हैं, जो सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक होती हैं। बाजार से रेडीमेड डिशेज खरीदने के बजाए, घर पर ही बनाएं।
- एल्कोहल, भांग जैसी नशीली चीजों से दूर रहें। इनके बजाए, लस्सी, ठंडाई, कांजी पिएं। ये पाचन के लिए भी फायदेमंद होते हैं।
- कई बार लोग लापरवाही में रंग लगे हाथों से खाना शुरू कर देते हैं। इससे फूड पॉइजनिंग का खतरा रहता है। ऐसी समस्या से बचने के लिए कुछ भी खाने से पहले अच्छी तरह हाथ धोना न भूलें।
- अगर आपने दिन में ज्यादा खा लिया है तो रात को सूप, सलाद और सैंडविच जैसी हल्की-फुल्की चीजों का ही सेवन करें।

भावनाएं

# पिया के संग पहली होली

शादी के बाद पिया के संग पहली होली का अहसास बहुत ही प्यारा होता है। अगर परिवार का भी साथ हो तो ये अहसास और ज्यादा प्यारे और मधुर हो जाते हैं। फिल्म एक्ट्रेस कियारा आडवाणी और अंकिता लोखंडे **सहेली** को बता रही हैं, शादी के बाद उनकी पहली होली कैसी रही? साथ ही यह भी बता रही हैं कि इस बार उनकी होली पर क्या स्पेशल प्लानिंग है?

## विक्की ने जब मुझे फूलों से बने रंगों से रंग दिया था : अंकिता लोखंडे



**शादी से** पहले मैं जितनी सीरियस रहती थी, विक्की से शादी होने के बाद उतनी ही मस्तीखोर हो गई हूं। अगर मैं कहूं कि फिल्मी अदाओं के साथ मस्ती-मजाक करती हूं तो कहना गलत नहीं होगा। मेरे पति विक्की ने मुझे इतना प्यार और सम्मान दिया कि मैं अपने आपको राजकुमारी समझती हूं। शादी के बाद पहली होली मैंने अपने ससुराल बिलासपुर में मनाई थी। वहां बहुत ही रीति-रिवाज के साथ होली का पर्व मनाया जाता है। उस वक्त मेरे लिए यह सब बहुत ही नया था, लेकिन मेरी सासू मां और ससुराल वालों ने मुझे इतना प्यार दिया कि मेरे लिए वह होली यादगार हो गई। खासतौर पर विक्की ने मुझे फूलों से बने रंगों से रंग दिया था। शादी के बाद पहली होली मैंने विक्की के साथ फुल रोमांटिक स्टाइल में मनाई थी, यह होली मेरे लिए सबसे यादगार रही। क्योंकि विक्की भी मुझसे बहुत प्यार करते हैं, इसलिए होली पर उन्होंने मुझे रंग लगाने और मेरे नखरे उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। आज भी हम लोग होली बहुत जोरदार ढंग से मनाते हैं। विक्की को पार्टी का बहुत शौक है। इसलिए वह हर होली पर स्पेशल पार्टी का अरेंजमेंट करते हैं, जिसमें हमारी फैमिली वाले और सारे दोस्त शामिल होते हैं। इस साल भी हम होली को धूमधाम से मनाएंगे। अबकी हम होली दो बार मनाएंगे, एक तो कलर्स के कुकिंग शो 'लाफ्टर शेफ' के सेट पर, दूसरी अपने घर पर।



## पूरे परिवार के साथ धूमधाम से मनाएंगे होली : कियारा आडवाणी



**होली का** त्योहार मेरे लिए किसी बड़े जश्न से कम नहीं है। फरवरी में हमारी शादी हुई थी। उसके अगले महीने ही मार्च में होली का त्योहार था, जो मैंने अपने ससुराल और पति के साथ मनाया था। होली की सुबह मैंने सबसे पहले सिद्धार्थ को रंग लगाया था, वह भी तब जब वह गहरी नींद में सो रहे थे। सिद्धार्थ ने उठने के बाद जब अपने चेहरे पर रंग लगा देखा तो उन्हें समझते देरी नहीं लगी कि यह रंग मैंने ही लगाया है। इसके बाद उन्होंने भी मुझे रंग दिया। उस दिन मैंने और सिद्धार्थ ने बहुत जमकर होली खेली थी। इस साल भी हम पूरे परिवार के साथ धूमधाम से होली मनाएंगे। मैं और सिद्धार्थ होली के मौके पर एक अच्छी पार्टी अरेंज करेंगे, जिसमें हमारे दोस्त और रिश्तेदार शामिल होंगे।



**प्रस्तुति : आरती सक्सेना**

## खबर संक्षेप



झज्जर। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### भंडारे में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**झज्जर।** श्री श्याम मित्र मंडल व आमजन विकास सेवा समिति द्वारा सासरौली चौक पर भंडारे का आयोजन किया गया। समिति प्रधान प्रदीप शर्मा व सदस्य प्रवीन जांगड़ा ने बताया कि भंडारे में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान अशोक कुमार, परमवीर जांगड़ा, मास्टर कर्ण सिंह, दीपक कुमार, अश्वनी कुमार, अजय , सन्नी कुमार, सुरेन्द्र कुमार, प्रवीन, सतपाल हलवाई, पर्व जांगडा, आयुष सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए सीटीएम रविंद्र मलिक। फोटो :हरिभूमि

### सीटीएम ने समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनीं

**झज्जर।** सोमवार को जिला स्तरीय समाधान शिविर में सीटीएम रविंद्र मलिक ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। शिविर में विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों और मांगों पर संबंधित अधिकारियों ने कार्रवाई की। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो समस्याएं तुरंत हल हो सकती हैं, उन्हें मौके पर ही निपटाएं और जिन मामलों में समय चाहिए, उनकी प्रक्रिया शीघ्रता से पूरी करें और नागरिकों को राहत दें।

### रंगों के उत्सव होली को लेकर बाजार में धूम

# घरेलू व कृषि उपकरणों की आकृति वाली पिचकारियों से सजी दुकानें

- दुकानदारों द्वारा विभिन्न डिजाइनों वाली पिचकारी मंगवाई गई जो बच्चों व बड़ों दोनों को पसंद आ रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

रंगों के उत्सव होली को लेकर बाजार में धूम है। इस रंग-बिरंगे त्यौहार की तैयारियों में बाजार में भी जगह-जगह पिचकारी व गुलाल आदि की दुकानें सज चुकी है। दुकानदारों द्वारा विभिन्न डिजाइनों वाली पिचकारी मंगवाई गई जो बच्चों व बड़ों दोनों को पसंद आ रही है। पहले के वर्षों में जहां बच्चों की पहली पसंद माने जाने वाली डोरीमोल, छोटा भीम, बंदूक, वाटर टैंक व लाइटिंग वाली मौजूद थीं अबकी बार बाजार में घरेलू व कृषि उपकरणों की आकृति वाली पिचकारियां उपलब्ध है। पुराना बस स्टैंड पर होली संबंधी सामान की दुकान लगाने वाले पिचकारी विक्रेता विजय ने बताया कि उनके पास बीस रुपये से लेकर ढाई सौ रुपये तक की पिचकारियां विभिन्न डिजाइनों में हैं। वे वाटर टैंक, बंदूक व साधारण पिचकारी के अलावा घरेलू उपकरण जैसे बेलन, हथौड़ा, डोगा, कुल्हाड़ी आदि आकृति वाली पिचकारियां लाए हैं जो ग्राहकों को पसंद आ रही है। उनके पास विभिन्न आकृतियों वाली ये पिचकारी 120 से 160 रुपये की कीमतों में उपलब्ध है। होली पूजा के दौरान बच्चों को पहनाए जाने वाले बिस्किट व चॉकलेट के हार भी बीस से तीस रुपये की कीमत में उपलब्ध है। गुलाल विक्रेता अभिषेक ने बताया कि उनके पास विभिन्न रंगों वाले गुलाल के पैकेट बीस से तीस रुपये में मौजूद हैं वहीं वे खुला गुलाल भी बेच रहे हैं। 70 रुपये से 550 रुपये तक पिचकारी व विभिन्न आकृतियों वाले मुखौटे चालीस रुपये की कीमत पर उपलब्ध है।





झज्जर। होली के लिए लाए गए विभिन्न आकृतियों वाले मुखौटे दिखाते हुए दुकानदार, कुल्हाड़ी, बेलन, डोगा की आकृति वाली पिचकारियां दिखाते हुए दुकानदार विजय।

## सवेरा स्कूल में ऑडिटोरियम व एक्टिविटी सेंटर बनेगा



झज्जर। फूलों की होली खेलते हुए डीसी प्रदीप दहिया एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

- बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने का बेहतर मंच व संसाधन मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा सवेरा स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। राज्य बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव सुषमा गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में डीसी एवं जिला बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष प्रदीप दहिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर बच्चों के साथ फूलों की होली खेलते हुए अधिकारियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान अपने संबोधन में डीसी ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर परिषद पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि सवेरा स्कूल परिसर में बाल भवन कार्यालय, ऑडिटोरियम और एक्टिविटी सेंटर का निर्माण करवाया जाएगा, ताकि बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने का बेहतर मंच व संसाधन मिल सके। मानद महासचिव सुषमा गुप्ता ने कहा कि होली प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का त्यौहार है, जो समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य करता है।

## उपायुक्त प्रदीप दहिया ने नए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष का किया उद्घाटन

- यह हॉल तकनीकी रूप से अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वीरवार को डीसी प्रदीप दहिया ने लघु सचिवालय स्थित द्वितीय तल पर नवनिर्मित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल का उद्घाटन किया। इस अत्याधुनिक हॉल में सरकार की विभिन्न अहम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित की जा सकेगी और जिला प्रशासन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होंगी। डीसी ने कहा कि यह हॉल तकनीकी रूप से अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। जिससे जिले में प्रशासनिक कार्यों को और अधिक प्रभावी और सुचारू रूप से संचालित किया जा सकेगा। इस हॉल में सभी आवश्यक उपकरणों की स्थापना की गई है, जिसमें उच्च गुणवत्ता की स्क्रीन, साउंड सिस्टम और इंटरनेट कनेक्टिविटी शामिल है।



झज्जर। नए वीसी रूम का उद्घाटन करते हुए करते हुए डीसी प्रदीप दहिया।

## पूजा-अर्चना के साथ मनाया जगन्नाथ आनंद उत्सव

- भगवान की महाआरती के उपरांत श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्थानीय श्रीराम धर्मशाला में जगन्नाथ आनन्द उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ, बलदेव और सुभद्रा देवी के दर्शन के साथ-साथ उनका अभिषेक किया। श्रद्धालुओं द्वारा प्रतिमाओं की पूजा-अर्चना, पुष्प और प्रसाद के साथ 56 भोग अर्पित किया गया। अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ इस्कान झज्जर द्वारा आयोजित जगन्नाथ आनंद उत्सव में श्रद्धालुओं ने मिलकर हरे कृष्णा-हरे कृष्णा, हरे रामा रामा रामा हरे हरे का संकीर्तन किया। इस्कान झज्जर से राधा नाम दास प्रभु ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में भाजपा सक्रिय सदस्यता अभियान के प्रदेश सह-प्रमुख राजकुमार कटारिया ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ इस्कान झज्जर द्वारा आयोजित जगननाथ आनंद उत्सव में शामिल होकर भगवान कृष्ण के पवित्र नाम का जाप करके हम अपने जीवन में शांति और आनन्द ला सकते है। हरि नाम संकीर्तन के माध्यम से सभी भक्तों को एक-दूसरे से जुड़ने का मौका मिलता है। इस्कान बहादुरगढ़ से पधारे परम प्रभु कथा वाचक ने श्रद्धालुओं को प्रवचनों के माध्यम से कथा श्रवण कराई और कहा कि भगवान का नाम सभी दुखों को हरता है। राधा नाम दास ने कहा कि जगननाथ आनन्द उत्सव सभी के लिए मंगल करने वाला है। हर वस्तु की जड़ भगवान है। भगवान की महाआरती के उपरांत श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पवन अरोड़ा, संजीव पोपली, राकेश अरोड़ा, जगदीश गेरा, अमित पोपली, मास्टर जेके, सतीश चुघ, विपिन शर्मा, प्रवीण जुनेजा, गुलशन सतीजा, रविकांत, रोहित बत्रा, संजय भाटिया, गौरव प्रभु, सन्नी प्रभु, सुनील प्रभु, विनोद धींगड़ा सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। जगननाथ आनंद उत्सव में पूजा-अर्चना करते हुए मुख्यातिथि राजकुमार कटारिया।

## सुशासन वर्ष मनाने को लेकर भाजपाइयों ने किया मंथन



झज्जर। बैठक के उपरांत उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सोमवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई की बैठक जिलाध्यक्ष राज्यपाल जांगड़ा की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन जिला महामंत्री रामफल सैनी एडवोकेट ने किया जबकि भाजपा नेता राजकुमार कटारिया ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। बैठक में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के सम्मान में सुशासन वर्ष मनाए जाने को लेकर योजना बनाई गई और जिले के सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को भाजपा के आगामी कार्यक्रमों का सफल आयोजन करने के लिए प्रेरित किया गया। जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा व जिला महामंत्री एडवोकेट रामफल सैनी ने बताया कि बैठक में सुशासन वर्ष मनाने को लेकर की जाने वाली तैयारी पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती व भाजपा के स्थापना दिवस पर विशेष कार्यक्रम किए जाने को लेकर भी चर्चा की गई। इस दौरान शहर मंडल अध्यक्ष एडवोकेट संदीप चौहान, सतेंद्र जाखड़, सुरेंद्र शर्मा, राजपाल, बुधराम, राजवीर, जिला पार्षद वीरभान, जिला पार्षद संजय जांगड़ा, एडवोकेट रोशन, दीपक खत्री, पूर्व मंडल अध्यक्ष दया किशन जांगड़ा सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## पीएमश्री स्कूलों में बनेंगे यूथ राइटर एडिटोरियल क्लब

- प्राचार्य डॉक्टर राजेंद्र ने विद्यार्थियों को इस योजना के संदर्भ में व्यापक जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच उभारने और उनकी लेखन प्रतिभा को बढ़ाने के लिए पीएमश्री स्कूलों में एडिटोरियल क्लब बनाए जाएंगे। राइटर एडिटोरियल क्लब के अंतर्गत विद्यार्थियों को इसके लिए जहां विद्यालय स्तर पर भाषाओं के शिक्षक उनका मार्गदर्शन करेंगे वहीं जिले के सीनियर पत्रकारों से भी विद्यार्थियों को रूबरू कराया जाएगा। इसी कड़ी में सोमवार को पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दादरी तोए में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय प्राचार्य डॉक्टर राजेंद्र ने विद्यार्थियों को इस योजना के संदर्भ में व्यापक जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर प्रवीण खुराना को आमंत्रित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें लेखन के तौर-तरीकों से अवगत कराया। उन्होंने लेखन से पहले अच्छे पाठन की आदत बनाने के लिए भी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए पत्रिका के लिए लेखन के कालम और स्तंभों पर भी चर्चा की। बता दें कि प्रदेश के पीएमश्री विद्यालय में अलग से योजना क्रियान्वित की जा रही है ताकि विद्यार्थियों में सृजनात्मकता की भावना पैदा हो सके। विद्यार्थियों द्वारा लिखी गई रचनाओं पर आधारित इन पत्रिकाओं को बाकायदा विद्यालय के अन्य विद्यार्थी भी पढ़ेंगे और उन्हें पुस्तकालय में भी रखा जाएगा।



झज्जर। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉक्टर प्रवीण खुराना। फोटो :हरिभूमि

## सुरेहती गांव में हुए दंगल में पहलवानों ने दिखाया दम

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव सुरेहती में दादा नीमनाथ कमेटी द्वारा कुश्ती दंगल व देशौरी भंडारे का आयोजन किया गया। कमेटी प्रधान कैप्टन बलवान सिंह, सचिव सूबेदार मेजर अनिल कुमार ने बताया कि कुश्ती महाकुंभ में बादली विधायक कुलदीप वत्स ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने पहलवानों के हाथ मिलवाकर कुश्ती का शुभारंभ कराया। एक लाख 51 हजार हजार रुपये की पहली कुश्ती भूपेंद्र पहलवान व दिनेश पहलवान गोयला के बीच हुई जबकि 71 हजार रुपये की दूसरी इनामी कुश्ती कलवा गुर्जर व मनीष टिकान के बीच हुई। इसके अलावा 31 हजार रुपये व उससे कम राशि वाली भी अनेक कुश्तियों का आयोजन किया गया। दंगल के दौरान पंडित मुकेश, संत सुरेहती, राजबीर ठेकेदार, रमेश ठेकेदार, कर्नल बलवान, विक्रांत पटवारी, पंडित प्रह्लाद, कर्मबीर आदि भी विशेष रूप से मौजूद रहे। समिति प्रधान कैप्टन बलवान सिंह ने बताया कि दादा नीमनाथ के प्रति ग्रामीणों की आस्था पिछले करीब चार सौ वर्षों से चली आ रही है। ग्रामवासी हर मांगलिक कार्य के दौरान दादा नीमनाथ की पूजा-अर्चना करते हैं। यहां पर वर्ष के भाद्रपद व फाल्गुल माह में उत्सव का आयोजन किया जाता है।



झज्जर। पहलवानों के हाथ मिलवाते हुए विधायक कुलदीप वत्स एवं अन्य।

## स्वयंसेवकों ने स्कूल के विद्यार्थियों से किया संवाद




झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्वयंसेवक और स्टॉफ कर्मी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- सफाई अभियान चलाया और सांस्कृतिक गतिविधि का आयोजन किया

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की एनएसएस इकाई एक और दो के सात दिवसीय शिविर में छठे दिन भी जौंधी गांव में कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने गांव के पार्क में जाकर सफाई की। सोमवार को भी हार्टफुलनेस के प्रतिनिधि फूल सिंह ढाका ने ध्यान की प्रकिया और स्थूल विचारों की सफाई के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हम मस्तिष्क और शरीर पर बोझ का काम करने वाले पुराने विचारों को साफ कर सकते हैं और फोन की तरह विचारों को मन की स्टोरेज से डिलीट कर सकते हैं। वहीं अजीत ने 11 पौधे भेंट किए। स्वयंसेवकों ने गांव के दोनों सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों से संवाद किया और अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने सफाई अभियान चलाया और सांस्कृतिक गतिविधि आयोजित की। एमए पत्रकारिता द्वितीय वर्ष के छात्र रवि शर्मा ने 'पौधा' और 'इंसानियत' पर तथा छात्रा नीलम ने कलकत्ता गैंगरेप पर केंद्रित स्वरचित कविता और यश ने कहानी सुनाई।

### विद्यार्थियों की कार्य-कुशलता बढ़ाने के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित

# बाइनरी बीस्ट प्रतियोगिता में प्रिंस रहा प्रथम

- विद्यार्थियों को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एडं मैनेजमेंट कबलाना में सोमवार से टेक्नो-कल्चरल एनुअल फेस्ट अचीर्वस 2025 के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों की शुरूआत की गई। आगामी 19 मार्च तक चलने वाले इस कार्यक्रम में कॉलेज के विद्यार्थियों की कार्य-कुशलता एवं प्रायोगिक ज्ञान बढ़ाने के लिए पहले दिन कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। बाइनरी बीस्ट प्रतियोगिता में बीसीए चौथे सेमेस्टर के प्रिंस ने प्रथम स्थान, दिव्या ने द्वितीय व पंकज कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऐड-मेड शो प्रतियोगिता में बीटेक कंप्यूटर साइंस के यश, तनिश व एआईएमएल के आदित्य की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि एआईएमएल की पूर्वा, कंप्यूटर साइंस की अपर्णा व श्रद्धा की टीम द्वितीय रही। इसके अलावा स्लोगन राइटिंग, आइस क्रीम स्ट्रिप ट्रश्के, सर्किट मेकर, लेन गेमिंग, लेथ मशीन जॉब, आईडिया प्रेजेंटेशन, बिज़नेस प्लान इवेंट व कोड वॉर इन सी प्रतियोगिताओं के प्रथम चरण में बीटेक, बीसीए, बीबीए व मैनेजमेंट के विद्यार्थियों ने भाग लिया। संस्था निदेशक प्रोफेसर डॉक्टर अमन अग्रवाल ने प्रतियोगिता संयोजक डॉक्टर रिशू भाटिया के प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



झज्जर। पहले दिन आयोजित प्रतियोगिता में भागीदारी करते हुए विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

## दो माह में अवैध हथियारों सहित 25 आरोपी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- 17 अवैध हथियार, 32 कारतूस बरामद

जिला पुलिस द्वारा आपराधिक वारदातों पर अकुंश लगाने को लेकर अवैध हथियार और अवैध शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिला पुलिस आयुक्त बी सतीश बालन के निर्देशानुसार चलाए गए अभियान के तहत पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा पिछले दो माह के दौरान जिला के अलग-अलग स्थानों पर शस्त्र अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 18 मामले दर्ज करके 25 आरोपियों को अवैध हथियारों के सहित गिरफ्तार किया है। एक जनवरी से 28 फरवरी तक जिले के अलग-अलग स्थानों पर तैनात पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा अवैध हथियार 16 देशी पिस्टल, एक गन,32 जिंदा कारतूस के साथ 25 आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की गई। दो माह में पांच मुकद्मों में सात आरोपियों को पकड़ते हुए उनसे 26689 देसी शराब और 3912 अंग्रेजी शराब की बोतले बरामद की गई।



बी सतीश बालन, जिला पुलिस आयुक्त।

**सूचना**

मैं, रामचन्द्र पुत्र जंगली राम निवासी गली नं. 5, शंकर गार्डन, लाईनपार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरा पुत्र जितेन्द्र कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**LOST FOUND**

WE MR. AMIT AND RAHUL S/O MR. RAMESH KUMAR R/O VILLAGE KASAR, TEH. BAHADURGARH, DIST. JHAJJAR, HR-124507 MY BUILDER BUYER AGREEMANT, ALOTMENT LETTER, POSITION LETTER & ALL PAYMENT RECEIPTS RESPECTIVELY ISSUED BY OMAXE LTD AGAINST THE UNIT SHOP NO. 06 PROJECT OMAXE NORTH AVENUE COMMERCIAL SHOP, OMAXE CITY, SECTOR-15 BAHADURGARH IS MISPLACED SOMEWHERE. ANY PERSON WHO FINDS IT PLEASE RETURN IT TO MR AMIT AND RAHUL AT VILLAGE KASAR, TEH. BAHADURGARH, DIST. JHAJJAR, HR-124507 OR CALL NO 9050007024.

## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। आयोजकों से सम्मान प्राप्त करते विजयलक्ष्मी व अश्विनी कुमार।

### विजयलक्ष्मी व अश्विनी हुए सम्मानित

**बहादुरगढ़।** बाल युवा नारी जागृति मंच द्वारा पश्चिम विहार में 27वां राष्ट्रीय नारी रत्न सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से आई प्रतिभाशाली नारियों को सम्मानित किया गया। बहादुरगढ़ से विजयलक्ष्मी भारद्वाज को शिक्षा व समाजसेवा के क्षेत्र में हासिल उपलब्धियों के लिए नारी रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्होंने समाज के अनेक पहलुओं पर 7 पुस्तकें लिखी हैं। उनके पति अश्विनी कुमार को प्रकृति भगत प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### मनीष बने वाहिनी के जिला संगठन मंत्री

बहादुरगढ़। अखिल भारतीय बजरंग वाहिनी के राष्ट्रीय प्रमुख अरविंद श्रीवास्तव ने प्रदेश प्रमुख प्रदीप सिन्हा, प्रदेश संगठन महामंत्री जितेन्द्र नरवाल व जिला प्रमुख संदीप राघव से विचार विमर्श के उपरांत मनीष सोलंकी को जिला संगठन महामंत्री मनोनीत किया है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि वे पूरी जिम्मदारी व निष्ठा से इस दायित्व को निभाएंगे।



मनीष सोलंकी

### कंपनी में चोरी के मामले में कर्मचारी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-16, 17 स्थित ई-रिक्शा बनाने वाली कंपनी में चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में पूछताछ के लिए पुलिस ने आरोपी को दो दिन के रिमांड पर लिया है। सेक्टर-16, 17 चौकी प्रभारी रवींद्र कुमार के अनुसार, ओमेक्स के निवासी ओमप्रकाश ने शिकायत दी थी कि उसने सेक्टर 16 में एक कंपनी कर रखी है, जिसमें ई रिक्शा बनाई जाती है। गत आठ जनवरी मैंने रिकार्ड चेक किया तो 102 बैट्री कम मिली। चोरी का शक कंपनी के ही कर्मचारियों पर जताया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए केस दर्ज किया गया। अब एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान प्रभाकर निवासी शाहपुर उत्तर प्रदेश के तौर पर की गई। आरोपी इसी कंपनी में काम करता था। मामले की तह तक जाने के लिए आरोपी को दो दिन के रिमांड पर लिया गया है।

### सुब्रोज टेक सिटी हाफ मैराथन में दिखाया दम

# नोएडा व द्वारका में जीते बीआरजी के धावक




बहादुरगढ़। द्वारका में हुई दौड़ के बाद जीते बीआरजी के धावक। फोटो : हरिभूमि

### सत्यवान डागर 10 किलोमीटर ओपन में द्वितीय स्थान पर रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

बीआरजी के धावकों ने नोएडा और द्वारका में हुई दौड़ स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार जीते। चाणक्यपुरी में हुई एसबीआई ग्रीन मैराथन में दीपक छिल्लर और किरण छिल्लर को बतौर एम्बेस्डर आमंत्रित किया गया। दीपक छिल्लर ने बताया कि नोएडा में आयोजित सुब्रोज टेक सिटी प्रतिष्ठित हाफ मैराथन में बीआरजी के 25 धावकों ने भाग लिया। सत्यवान डागर ने 10 किलोमीटर ओपन में द्वितीय स्थान, रणबीर सांगवान ने तृतीय स्थान, ब्रह्मप्रकाश मान ने 45-60 वर्ष आयु वर्ग की 21 किलोमीटर में तृतीय स्थान, संदीप कुमार ने 40 वर्ष तक के आयु वर्ग के 5 किलोमीटर में पहला स्थान, राजेश कुमार ने 45 प्लस वर्ष आयु वर्ग के 5 किलोमीटर में पहला स्थान, धर्मवीर सैनी ने दूसरा स्थान, अशोक कुमार शर्मा ने 60 प्लस आयु वर्ग के 5 किलोमीटर में दूसरा स्थान हासिल किया। शमशेर सिंह, राजेश रघुवंशी व कौशल शर्मा ने दौड़ पूरी की।

द्वारका में हुई भूजल वायु हाफ मैराथन में बीआरजी के 30 धावकों ने शानदार प्रदर्शन किया। कर्नल कृष्ण बधवार, एंटनी, श्याम कुमार, विजय वरुण ने 21.1 किलोमीटर हाफ मैराथन तथा किरण नरूला, अमृत कौर, जस्पिंदर कौर, सरीता दास के साथ अब्बास, राजेंद्र पाल, राम करन, सुनील सिकरी, गौरव गर्ग, रविंदर दहिया, सन्नी, विजेंदर, तरुण व अमनदीप 5 से 10 किलोमीटर की दौड़ सफलतापूर्वक पूरी की।



बहादुरगढ़। कोच रवींद्र के साथ पदक विजेता तनु पहलवान। फोटो : हरिभूमि

### फेडरेशन कप में पहलवान तनु ने जीता सिल्वर मेडल

**बहादुरगढ़।** पंजाब में हुए नेशनल फेडरेशन कप कुश्ती प्रतियोगिता में छोटूराम अखाड़ा आसौदा की पहलवान तनु छाई रही। शानदार प्रदर्शन करते हुए तनु पहलवान ने अपने भारवर्ग में सिलवर मेडल जीतकर इलाके का मान बढ़ाया। तनु की जीत पर उसके परिजनों और कुश्ती प्रेमियों ने खुशी जताई है। गत सात से 9 मार्च तक जालंधर स्थित लवली यूनवर्सिटी में यह आयोजन हुआ था। देशभर के पहलवानों ने इसमें भाग लिया। आसौदा स्थित छोटूराम अखाड़ा की तनु पहलवान ने भी जोर आजमाइश की। तनु ने 76 किलोग्राम भारवर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिलवर मेडल पर कब्जा जमाया। जीतकर अखाड़े में लौटने पर साथी पहलवानों द्वारा तनु का जोरदार स्वागत किया गया। तनु इससे पहले भी विभिन्न प्रतियोगिता में मेडल जीत चुकी है। अपनी जीत का श्रेय तनु ने अपने कोच रवींद्र पहलवान व परिजनों को दिया है। कोच रवींद्र दलाल उर्फ माहके पहलवान ने बताया कि तनु बेहद होनहार पहलवान है। लगातार जीत दर्ज कर इलाके का मान बढ़ा रही है। एक दिन बड़े स्तर पर देश के लिए मेडल जीतेगी।

### गांव जसौर खेड़ी में हुई प्रतियोगिता



बहादुरगढ़। कबड्डी खिलाड़ियों के साथ सचिन जून व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

# कबड्डी खिलाड़ियों को किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

विधायक राजेश जून के पुत्र सचिन जून ने गांव जसौर खेड़ी में आयोजित जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। आयोजकों ने सचिन राजेश जून का जोरदार स्वागत किया तथा स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया।

दरअसल, इस जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में लड़कियों की 20 से ज्यादा टीमों ने हिस्सा लिया। सीनियर व जूनियर ब्वॉयज कबड्डी मुकाबलों में गांव जसौर खेड़ी की टीम विजेता रही। सब जूनियर ब्वॉयज मुकाबले में दहकोरा की टीम पहले स्थान पर रही। वही गर्ल्स सीनियर कबड्डी मुकाबले में महराना की टीम प्रथम स्थान पर रही तथा जूनियर गर्ल्स के लिए हुए मुकाबले में मातन की टीम पहले स्थान पर रही। सचिन जून ने कहा कि कबड्डी सहित सभी खेलों में जिला झज्जर के खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत रहे हैं। बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर दीपक कोच, अशोक पहलवान, मनीष प्रधान जसौर, लखमी, अनिल पहलवान, प्रेम पहलवान, भगवान सिंह, कुक्कू पहलवान, नरेश पहलवान, प्रवीण, सुंदर, रविंद्र आदि मौजूद रहे।

## फुले को भारत रत्न देने की मांग



बहादुरगढ़। सावित्रीबाई फुले को श्रद्धांजलि देतीं सरिता सैनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर सोमवार को लाइनपार में श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ। सरिता जसबीर सैनी ने कहा कि फुले का सारा जीवन समाजसेवा को समर्पित रहा। उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करवाया। सैनी ने केंद्र सरकार से इनकी जन्मतिथि व पुण्यतिथि पर सरकारी अवकाश करने की मांग करते हुए उन्हें भारत रत्न देने की भी मांग की। भिवानी शिक्षा बोर्ड का नाम उनके नाम से करने व बहादुरगढ़ के महिला कॉलेज का नाम भी उन्हीं के नाम से करने की मांग की।

# एकादशी पर निकाली श्याम ध्वजा यात्रा

- यात्रा में 1100 निशानों के साथ 2 हजार से अधिक भक्त शामिल रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

फाल्गुन शुक्ल पक्ष एकादशी के दिन बहादुरगढ़ में श्री श्याम ध्वजा निशान यात्रा का भव्य आयोजन हुआ। श्रद्धा और उल्लास से भरपूर यह यात्रा परशुराम मंदिर से शुरू होकर मेन बाजार व नजफगढ़ रोड होते हुए श्री बालाजी मंदिर में समाप्त हुई। जहां खाटूश्यामजी को निशान अर्पित किया गया। यात्रा में 1100 निशानों के साथ 2 हजार से अधिक श्याम भक्त शामिल रहे। इसके साथ ही डीजे, पुष्प वर्षा, बैंड बाजा और भजनों का आनंद भी लिया गया।



बहादुरगढ़। उत्साह के साथ ध्वजा यात्रा निकालते श्यामभक्त। फोटो : हरिभूमि

श्रद्धालु बाबा श्याम के जयकारे लगाते हुए, झूमते और नाचते हुए यात्रा में भाग ले रहे थे। यह नजारा अद्भुत धार्मिक व सांस्कृतिक माहौल का प्रतीक बन गया। यात्रा का समापन श्री बालाजी मंदिर में खाटूश्यामजी को निशान अर्पित करके किया गया। भक्तों ने मनोकामनाओं के साथ निशान को बाबा श्रीश्याम को अर्पण किया। यात्रा के उपरांत शाम को कीर्तन आयोजित किया गया।

# दिल्ली के गांव मुंगेशपुर से जीतकर लौटे पहलवान

**बहादुरगढ़।** दिल्ली के गांव मुंगेशपुर में आयोजित तीसरे विशाल ईनामी मैट कुश्ती प्रतियोगिता में लोवा माजरा के देवेंद्र जून कुश्ती अकादमी के पहलवानों ने जीत हासिल की। महिला पहलवान खुशी दहिया और वृतिका दलाल ने अपने-अपने भारवर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। भूमित जून ने अपने भारवर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त किया। शुभम अंतिल, रामाधीन, अभिषेक, लक्ष्य अहलावत, भूमित दहिया, आदित्य दलाल व शैलेंद्र दलाल ने अपने-अपने भारवर्ग में अच्छी कुश्तियां लड़ीं। अकेडमी में पहुंचने पर पहलवान देवेंद्र जून, प्रीतम मान, कोच विक्रम दहिया, मंजीत दलाल, राजकुमार नजफगढ़ व संदीप दलाल आदि ने पहलवानों को आशीर्वाद दिया और स्वागत किया।



बहादुरगढ़। अकादमी में लौटे विजेता व प्रतिभागी पहलवान। फोटो : हरिभूमि

# सिकंदर ने मंदिर समिति को दिए 5 लाख



बहादुरगढ़। सिकंदर मान को स्मृति चिह्न देते समिति पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

परोपकारी सभा श्री सनातन धर्म महावीर मंदिर का 64वां वार्षिक सम्मेलन धूमधाम से संपन्न हुआ। ब्रह्मलीन श्री 108 स्वामी गुरुचरन दास जी महाराज की पुण्य स्मृति और महंत खुशाल दास जी महाराज के पावन सानिध्य में पूर्णाहुति और ध्वजारोहण के साथ तीन दिवसीय सम्मेलन संपन्न हुआ। महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे प्रसिद्ध समाजसेवी एवं राम भक्त सिकंदर मान ने दीप प्रज्वलित करने के साथ ही संतों का स्वागत किया। उन्होंने अपने बचपन के स्कूल के दिनों की यादें सांझा की। सिकंदर मान ने अपनी ओर से मंदिर समिति को 5 लाख एक हजार रुपए की धनराशि भेंट की। साथ ही स्कूल में नर्सरी से बारहवीं कक्षा तक के प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी में पास होने वाले बच्चों को 3100, 2100 व 1100 रुपए देकर प्रोत्साहित किया। प्रधान जगदीश ऐलावाधी, महासचिव तरुण चुघ व अमित दुआ ने सिकंदर मान को समृति चिह्न देकर सम्मानित किया। तीन दिनों के दौरान विधायक राजेश जून, सेवामूर्ति दिनेश कौशिक, रमेश राठी, नवीन बंटी सोलधा, शतीश नंबरदार व लक्की दुआ आदि ने कार्यक्रम में शिरकत की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

### विद्यार्थियों को किया यातायात नियमों की पालना के लिए प्रेरित



**झज्जर।** सोमवार को एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल में ट्रैफिक रूल्स को लेकर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में दसवीं से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों व नशे से दूर रहने के बारे विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को ट्रैफिक रूल्स की डिजिटल बुक भी प्रदान की। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया, प्रबंधक केएम डागर व प्राचार्या निधि कादियान ने अपने-अपने संबोधन में विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे सेमिनार में सिखाई गई बातों पर अमल करें। मंच संचालन भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा द्वारा किया गया। इस मौके पर एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव सहित अन्य भी मौजूद रहे।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### शिविर में की स्वास्थ्य व नेत्र जांच

# रक्तदान और अंगदान के विषय में जागरूक किया

- वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में चल रहे रेडक्रॉस का 5 दिवसीय शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में चल रहे रेडक्रॉस का 5 दिवसीय शिविर में सोमवार को मुफ्त स्वास्थ्य व नेत्र जांच शिविर लगाया गया। वहीं झज्जर आईपी महिला महाविद्यालय से डॉ बाला धनखड़ ने राष्ट्रीय एकता के विषय में जागरूक किया। फर्स्ट एड ट्रेनर कंचन कुमार ने एचआईवी/एड्स के विषय में जागरूक किया। ब्लड बैंक से आए




बहादुरगढ़। अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट करती प्रिंसिपल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

डॉ राहुल चौधरी ने रक्तदान और अंगदान के विषय में जागरूक किया। प्राचार्या डॉ आशा शर्मा ने कहा कि हमें दूसरों की मदद करने और उनकी जिंदगी को बेहतर बनाने का सतत प्रयास करना चाहिए। मानव सेवा के माध्यम से हम गरीबों, बेसहारा और जरूरतमंद लोगों की मदद कर सकते हैं। डॉ बाला धनखड़ ने बताया कि राष्ट्रीय एकता हमारे देश की सबसे बड़ी ताकत है। देश के सभी नागरिकों का एकजुट होकर देश की तरक्की और विकास में योगदान करना जरूरी है। राष्ट्रीय एकता के लिए हमें अपने मतभेदों को भूलकर एक दूसरे के साथ मिलकर काम करना होगा। कंचन कुमार ने बताया कि एचआईवी वायरस शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर देता है। एचआईवी का संचरण यौन संबंधों, रक्त आधान और मां से बच्चे को गर्भावस्था के दौरान हो सकता है। जागरूकता ही इसके प्रसार को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

### रक्तदान देता जिंदगी

डॉ राहुल चौधरी ने बताया कि रक्तदान से हम किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचा सकते हैं, जबकि अंगदान से हम किसी व्यक्ति को नई जिंदगी दे सकते हैं। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय बहादुरगढ़ प्रथम स्थान, राजकीय महाविद्यालय दूबलधन दूसरे स्थान और राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ तीसरे स्थान पर रहा।